हिंदी कार्यपत्रिका

अपठित गद्यांश

कक्षा चार

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर

एक किसान के चार बेटे थे - तंदुरुस्त, लेकिन निकम्मे | दिनभर आवारागर्दी करते थे, कोई काम नहीं करते थे | एक बार किसान बीमार पड़ा | उसने बेटों को बुलाकर कहा - " मैं अब नहीं बचूँगा | तुम लोग मेरी मृत्यु के बाद ज़मीन खोदकर उसमें से गड़ा धन निकाल लेना |" जल्दी ही वह चल बसा | चारों बेटों ने पूरा खेत खोद डाला | मगर कुछ नहीं निकला | वे बहुत निराश हुए | तभी एक ने कहा- चलो, गेहूं बो देते है |" उस साल बहुत अच्छी फसल हुई और उन्हें अच्छा लाभ मिला | अब वे समझ गए कि मेहनत ही धन है |

प्रश्न १ किसान के कितने बेटे थे

अ) दो

ब ) तीन

स) चार

द ) पाँच

प्रश्न २ चारों बेटे दिखने में कैसे थे

अ) कमज़ोर

ब) तंदुरुस्त

स) बौने

द) लंबे

LIVEWORKSHEETS

प्रश्न३ किसान ने अपने बेटों को ज़मीन से क्या निकालने को क्या कहा?

अ) गड़ा धन

ब) बीज

स) गेहूं

द) चावल

प्रश्न ४ जमीन खोदने के बाद चारों बेटों ने क्या बोया ?

अ)गेहूं

ब) चावल

स) मटर

द) आलू क

प्रश्न ५ चारों बेटों ने पूरा खेत क्यों खोदा ?

अ) सोने के सिक्के निकालने के लिए

ब) गड़ा धन निकालने के लिए

स) चावल बोने के लिए

द) धन गाड़ने के लिए

दीपिका शर्मा

LIVEWORKSHEETS